www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

CATEGORY - IV

PART - 3

Hindi

Question Numbers 71 to 150

71. मैथिलीशरण गुप्त की रचना इनमें कौन-सी **नहीं** है?
(A) युग चरण
(B) भारत भारती
(C) साकेत
(D) पंचवटी

72. 'द्विवेदी युग' का नामकरण इनमें किसके आधार पर हुआ है?
(A) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी के
(B) सोहनलाल द्विवेदी के
(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी के
(D) इनमें से कोई नहीं

73. मन्नू भंडारी का आत्मकथात्मक उपन्यास कौन-सा है?
(A) आपका बंटी
(B) महाभोज
(C) एक कहानी यह भी
(D) यही सच है

74. इनमें किसकी लिपि देवनागरी **नहीं** है?
(A) हिंदी की
(B) मराठी की
(C) संस्कृत की
(D) इनमें से कोई नहीं

75. 'अजातशत्रु' नाटक के रचयिता कौन हैं?
(A) सेठ गोविंद दास
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) लक्ष्मी नारायण मिश्र
(D) भारतेंदु हरिश्चंद्र

76. इनमें कौन-सी रचना महादेवी वर्मा के कविता-संग्रह 'यामा' में संगृहीत **नहीं** है?
(A) नीहार
(B) नीरजा
(C) रश्मि
(D) रेणुका

77. 'प्रियप्रवास' का मुख्य पात्र कौन है?
(A) राम
(B) कृष्ण
(C) शिव
(D) हनुमान

78. 'प्रथम रश्मि का आना रंगिणि! / तूने कैसे पहचाना?/ कहाँ, कहाँ हे बाल विहंगिनी / पाया तूने यह गाना?' - इन पंक्तियों में कवि क्यों बाल विहंगिनी से प्रश्न पूछते हैं?
(A) प्रकृति का रहस्य जानने के लिए
(B) बाल विहंगिनी का गीत सुनने के लिए
(C) प्रथम रश्मि को देखने के लिए
(D) सुबह-सुबह उठने के लिए

79. छायावाद का विरोध करके समाजवादी चेतना को लेकर उत्पन्न विचार-धारा क्या है?
(A) हालावाद
(B) प्रयोगवाद
(C) प्रगतिवाद
(D) रहस्यवाद

80. 'Allowance' के लिए प्रयुक्त हिंदी शब्द क्या है?
(A) वित्त
(B) रकम
(C) भत्ता
(D) धनराशि

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

81. प्रथम 'सरस्वती सम्मान' प्राप्त लेखक कौन हैं?
(A) भगवती प्रसाद वाजपेयी
(B) हरिवंशराय बच्चन
(C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी
(D) उदय शंकर भट्ट

82. सुमित्रानंदन पंत को किस काव्य संग्रह पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?
(A) लोकायतन
(B) चिदंबरा
(C) युगवाणी
(D) ग्राम्या

83. 'डूबते को तिनके का सहारा' – इस मुहावरे का अर्थ क्या है?
(A) बिल्कुल बेखबर हो जाना
(B) खूब उन्नति होना
(C) संकट में थोड़ी-सी मदद मिलना
(D) घोर परिश्रम करना

84. प्रत्यय लगने पर सही रूप क्या है?
(A) शाला + में = शाले में
(B) शाला + में = शालों में
(C) शाला + में = शाला में
(D) शाला + में = शालाओं में

85. संरचना की दृष्टि से **सही** रूप कौन-सा है?
(A) उनकी होश उड़ गई।
(B) उनके होश उड़ गए।
(C) उनकी होशें उड़ गईं।
(D) इनमें से कोई नहीं।

86. राजभाषा से संबंधित हमारे संविधान के अनुच्छेद मुख्यत: कहाँ से कहाँ तक हैं?
(A) 323 से 343 तक
(B) 353 से 363 तक
(C) 343 से 351 तक
(D) 351 से 361 तक

87. इनमें कौन-सा वाक्य व्याकरणिक दृष्टि से सही नहीं है?
(A) वे धीरे-धीरे बोले।
(B) वे सब कुछ भूल गए।
(C) वे बहुत चीज़ें लाए।
(D) इनमें से कोई नहीं।

88. 'तुम कहाँ जाते हो' – इस वाक्य में 'तुम' किस प्रकार का सर्वनाम है?
(A) उत्तम पुरुष
(B) मध्यम पुरुष
(C) निश्चय वाचक
(D) अन्य पुरुष

89. **सही** प्रयोग किस वाक्य में है?
(A) उस आदमी ने सहायता किया।
(B) वह आदमी ने सहायता की।
(C) उस आदमी ने सहायता की।
(D) वे आदमी ने सहायता की।

90. 'देवसेना' जयशंकर प्रसाद के किस नाटक का पात्र है?
(A) चंद्रगुप्त
(B) स्कंदगुप्त
(C) ध्रुवस्वामिनी
(D) एक घूँट

91. उषा प्रियंवदा की कहानी 'वापसी' में गजाधर बाबू अपने घर में दुखी क्यों थे?
(A) घर की गरीबी के कारण
(B) परिवारवालों की उपेक्षा के कारण
(C) पत्नी के वियोग के कारण
(D) बीमारी के कारण

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

92. 'शशि-मुख पर घूँघट डाले, / अँचल में दीप छिपाए। / जीवन की गोधूली में, / कौतूहल से तुम आए।' – ये पंक्तियाँ किस काव्य की हैं?

(A) आँसू
(B) कामायनी
(C) लोकायतन
(D) सांध्यगीत

93. भाववाच्य का **सही** रूप किस वाक्य में है?

(A) बूढ़े से चल नहीं जाता।
(B) बूढ़े से नहीं चल जाते।
(C) बूढ़े से चला नहीं जाता।
(D) बूढ़े से चले नहीं जाते।

94. 'किंतु हम बहते नहीं हैं। / क्योंकि बहना रेत होना है।' – ये पंक्तियाँ किस रचना की हैं?

(A) आगंतुक
(B) तुम हँसी हो
(C) छंद
(D) नदी के द्वीप

95. 'अष्टछाप' का संबंध किससे है?

(A) ज्ञानाश्रयी शाखा से
(B) प्रेमाश्रयी शाखा से
(C) रामभक्ति शाखा से
(D) कृष्णभक्ति शाखा से

96. 'पृथ्वीराज रासो' में कितने समय या सर्ग या अध्याय हैं?

(A) 50
(B) 25
(C) 69
(D) 73

97. संविधान में राजभाषा संबंधी अनुच्छेद किस भाग में आता है?

(A) भाग 15
(B) भाग 14
(C) भाग 12
(D) भाग 17

98. 'Fortnight' के लिए प्रयुक्त हिंदी शब्द कौन-सा है?

(A) आधी रात
(B) पखवाड़ा
(C) बड़ा किला
(D) रात्रिचर

99. महाकवि कालिदास के परिवेश में रचित मोहन राकेश का नाटक कौन-सा है?

(A) लहरों के राजहंस
(B) आषाढ़ का एक दिन
(C) आधे अधूरे
(D) अंधा युग

100. कवि बिहारी के संबंध में **गलत** कथन कौन-सा है?

(A) ब्रजभाषा के कवि थे।
(B) वे अपने दोहों के कारण प्रसिद्ध हुए।
(C) वे शृंगारी कवि थे।
(D) इनमें से कोई नहीं।

101. 'यह फूल देविका को देना' – यहाँ 'देविका को' कौन-सा कारक है?

(A) कर्ता कारक
(B) संप्रदान कारक
(C) कर्म कारक
(D) अपादान कारक

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

102. 'खरी मजूरी चोखा काम' – इस लोकोक्ति का मतलब क्या है?

(A) पूरी मजूरी देने से काम का अच्छा होना।
(B) पूरी मजूरी देने पर भी काम न करना।
(C) काम से स्वयं को अलग रखना।
(D) मजूरी की परवाह न करके काम करना।

103. कुमार अंबुज का कविता संग्रह कौन-सा है?

(A) किवाड़
(B) चाँद का मुँह टेढ़ा है
(C) सरोज स्मृति
(D) राम की शक्तिपूजा

104. 'यह पुस्तक प्रेमचंद ने लिखी है।' – प्रस्तुत वाक्य में 'यह' का प्रयोग किस रूप में हुआ है?

(A) सर्वनाम
(B) सार्वनामिक विशेषण
(C) क्रिया विशेषण
(D) संबंध सूचक

105. 'बैल गाड़ी खींचते हैं।' – प्रस्तुत वाक्य का कर्मवाच्य रूप कौन-सा है?

(A) बैल से गाड़ी खींची जाती है।
(B) गाड़ी से बैल खींची जाती है।
(C) बैलों से गाड़ी खींची जाती है।
(D) बैलों से गाड़ी खींचे जाते हैं।

106. 'काश! तुम जानती दुख किसे कहते हैं।... तुम्हारा यह रसीला दुख न मिले तो ज़िंदगी दूभर हो जाए।' – यहाँ 'रसीला दुख' किस पात्र के दुख के बारे में है?

(A) दिलीप के
(B) माँ के
(C) बालक के
(D) हेमा के

107. कबीर की वाणी 'बीजक' नामक ग्रंथ में संगृहीत है। इसके कितने भाग हैं?

(A) पाँच
(B) दो
(C) तीन
(D) सात

108. 'अत्यधिक' शब्द किस प्रकार बना है?

(A) अत: + अधिक
(B) अत्य + अधिक
(C) अति + अधिक
(D) अत्यधि + इक

109. प्रेमचंद के संबंध में सही कथन कौन-से हैं?

(i) चरित्र प्रधान उपन्यास लिखने वाले।
(ii) असली नाम धनपतराय।
(iii) वे पहले उर्दू में लिखते थे।
(A) मात्र (i) और (iii) सही
(B) मात्र (ii) और (iii) सही
(C) मात्र (i) और (ii) सही
(D) तीनों सही

110. प्रयोगवाद के मूल अभिभावक इनमें कौन हैं?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी
(B) अज्ञेय
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) सुमित्रानंदन पंत

111. पश्चिमी हिंदी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ?

(A) शौरसेनी
(B) मागधी
(C) पैशाची
(D) महाराष्ट्री

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

112. स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?
(A) दही
(B) घी
(C) मोती
(D) मिट्टी

113. वैद्यनाथ मिश्र किस कवि का वास्तविक नाम है?
(A) जयशंकर प्रसाद
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) नागार्जुन
(D) माखनलाल चतुर्वेदी

114. इनमें संवृत स्वर कौन-सा है?
(A) अ
(B) आ
(C) ई
(D) ओ

115. पूर्वी हिंदी की बोली कौन-सी है?
(A) अवधी
(B) बुंदेली
(C) खड़ीबोली
(D) ब्रजभाषा

116. 'कृष्ण गीतावली' के रचयिता कौन हैं?
(A) सूरदास
(B) कबीरदास
(C) तुलसीदास
(D) कृष्णदास

117. प्रेमचंद की कहानी 'पूस की रात' में अभिव्यक्त मुख्य समस्या क्या है?
(A) अनमेल विवाह की समस्या
(B) किसानों की समस्या
(C) प्रदूषण की समस्या
(D) राजनीतिक समस्या

118. महादेवी वर्मा के रेखाचित्र 'गिल्लू' में गिल्लू की समाधि कहाँ थी?
(A) सोनजूही के नीचे
(B) सूरजमुखी के नीचे
(C) चमेली के नीचे
(D) चंपा के नीचे

119. दहेज और अनमेल विवाह की करुण कहानी बतानेवाला उपन्यास इनमें कौन-सा है?
(A) गोदान
(B) निर्मला
(C) रंगभूमि
(D) कायाकल्प

120. विशेषण शब्द का **सही** रूप कौन-सा है?
(A) लंबी लता के फूल
(B) लंबे लता की फूल
(C) लंबे लते के फूल
(D) लंबा लता के फूल

121. 'हकलाना' – इसका मतलब क्या है?
(A) दृष्टिहीनता
(B) अवरोध के साथ बोलना
(C) बहरापन
(D) लेखन की अक्षमता

122. एक अध्यापक शैक्षिक रूप से पिछड़े छात्रों की कठिनाइयों को समझता है और उसके निराकरण के लिए कोशिश करता है। यह निम्नलिखित में किसके अंतर्गत है?
(A) पदोन्नति का कार्य
(B) उपचारात्मक कार्य
(C) मूल्यांकन का कार्य
(D) आकलन का कार्य

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

123. एक शिक्षक के लिए सबसे बड़ी चुनौती इनमें कौन-सी है?

(A) सूक्ष्म पाठयोजना तैयार करना
(B) प्रधानाध्यापक को प्रसन्न रखना
(C) छात्रों के व्यक्तिगत अंतर से निपटना
(D) समयावधि के अंदर पाठ्यक्रम की पूर्ति करना

124. अस्पष्ट प्रत्ययों को स्पष्ट करने के लिए इनमें से किसका उपयोग अधिक सहायक है?

(A) निदानात्मक परीक्षण
(B) कार्यकालांत मूल्यांकन
(C) शैक्षणिक उपकरण
(D) सामूहिक वाचन

125. भाषा सीखने के लिए छात्रों में अभिरुचि जागृत करने के लिए सबसे अनुकूल इनमें कौन-सा है?

(A) शिक्षक केंद्रित कक्षा
(B) समुचित कार्यकालांत मूल्यांकन
(C) अनुकूल कक्षा वातावरण
(D) शिक्षकों की उच्च शैक्षिक योग्यताएँ

126. स्वाध्याय से अर्थग्रहण को सुनिश्चित करने के लिए इनमें कौन-सा वाचन उपयुक्त है?

(A) अनुकरण वाचन
(B) मौनवाचन
(C) अनुवाचन
(D) सामूहिक वाचन

127. मात्रेतर भाषा शिक्षण के प्रसंग में प्राथमिक स्तर पर छात्रों के आत्मविश्वास को जगाने के लिए सबसे उपयुक्त कार्य इनमें कौन-सा है?

(A) लिखित अभिव्यक्ति का अवसर
(B) मौखिक अभिव्यक्ति का अवसर
(C) गृहकार्य करने का अवसर
(D) व्याकरणिक अभ्यास का अवसर

128. 'मनोज ने दही लाया।' - इस वाक्य का संशोधित रूप क्या है?

(A) मनोज दही लाई।
(B) मनोज ने दही लाई।
(C) मनोज से दही लाई गई।
(D) मनोज दही लाया।

129. इनमें किसकी गणना भाषा के ग्राह्यात्मक कौशल के अंतर्गत है?

(A) लेखन
(B) वाचन
(C) भाषण
(D) इनमें से कोई नहीं

130. इनमें कौन-सी मौखिक अभिव्यक्ति की विशेषता **नहीं** है?

(A) क्लिष्टता
(B) शिष्टता
(C) बोधगम्यता
(D) प्रसंगानुकूलता

131. इनमें किस विधि को 'व्याकरण अनुवाद पद्धति' कहा जा सकता है?

(A) प्रत्यक्ष विधि
(B) परोक्ष विधि
(C) अनुकरण विधि
(D) डाल्टन विधि

132. छात्रों को कविता पढ़कर आस्वादन करना है। यह भाषाध्यापन के किस उद्देश्य के अंतर्गत है?

(A) अभिव्यंजनात्मक
(B) सृजनात्मक
(C) सराहनात्मक
(D) इनमें से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

133. मातृभाषा के सहारे मात्रेतर भाषा के शिक्षण के संबंध में सही प्रस्ताव क्या है?
(A) शिक्षण नीरस हो जाता है।
(B) मात्रेतर भाषा की संरचना से छात्रों का ध्यान हट जाता है।
(C) पाठ की पूर्ति करने में काफ़ी समय लगता है।
(D) शिक्षक को काफ़ी प्रयत्नशील रहना पड़ता है।

134. रचनात्मक लेखन इनमें कौन-सा है?
(A) प्रतिलिपि तैयार करना
(B) श्रुतलेख लिखना
(C) सुलेख लिखना
(D) रपट तैयार करना

135. कक्षा में किसी पाठ की प्रस्तावना के स्तर पर शिक्षक को मुख्य रूप से क्या करना चाहिए?
(A) छात्रों को गृहकार्य देना
(B) पाठ की पुनरावृत्ति करना
(C) पाठ की व्याख्या देना
(D) छात्रों के पूर्वज्ञान का पता लगाना

136. वर्तनी की अशुद्धता के क्या-क्या कारण हैं?
(i) अशुद्ध उच्चारण
(ii) लिपि का अपूर्ण ज्ञान
(iii) लिखित रचनाओं का संशोधन
(A) (ii) और (iii) सही है
(B) (i) और (iii) सही है
(C) (i) और (ii) सही है
(D) मात्र (ii) सही है

137. वाचन का सबसे सही अर्थ इनमें क्या है?
(A) छपे हुए शब्दों का उच्चारण करना
(B) पढ़ी हुई सामग्री का श्रवण करना
(C) लिखित सामग्री को पढ़ते हुए अर्थ ग्रहण करना
(D) लिखित सामग्री को ज़ोर से पढ़ना

138. सस्वर वाचन के उद्देश्य इनमें कौन से हैं?
(i) भावानुकूल वाचन की क्षमता बढ़ाना
(ii) उच्चारण शुद्ध करना
(iii) मौनवाचन की प्रवृत्ति का विकास करना
(A) मात्र (i) और (ii) सही
(B) मात्र (ii) और (iii) सही
(C) मात्र (i) और (iii) सही
(D) तीनों सही

139. शैक्षिक सामग्रियों का नियोजन मुख्य रूप से किस प्रकार होना है?
(A) संशोधन करने में सहायक हो
(B) प्रतिपुष्टि के लिए सहायक हो
(C) अधिगम उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक हो
(D) तड़क-भड़क दिखाने में सहायक हो

140. मॉंटेसरी विधि का संबंध विशेष रूप से किस क्षेत्र से है?
(A) लेखन शिक्षण
(B) जैविक वाचन
(C) अभिक्रमित अनुदेशन
(D) सूचना प्रौद्योगिकी

141. कोई शिक्षक पहले क्रिया विशेषण की परिभाषा समझाता है। उसके बाद कुछ उदाहरणों के द्वारा परिभाषा की पुष्टि करता है। यह कौन-सी शिक्षण विधि है?
(A) निगमन विधि
(B) आगमन विधि
(C) द्विभाषी विधि
(D) अनुवाद विधि

142. प्रत्यय संरचनावाद या ज्ञान निर्मितवाद के संदर्भ में उल्लेखनीय कौन हैं?
(A) पावलॉव
(B) स्किन्नर
(C) विगोत्स्की
(D) वाट्सन

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

143. कोई शिक्षक अपने छात्रों को मौलिक रचनाएँ करने का अवसर देता है। यह भाषा शिक्षण के किस उद्देश्य के अंतर्गत है?

(A) ग्राह्यात्मक उद्देश्य

(B) सृजनात्मक उद्देश्य

(C) सराहनात्मक उद्देश्य

(D) इनमें से कोई नहीं

144. सतत मूल्यांकन के संबंध में सबसे सटीक तथ्य इनमें कौन-सा है?

(A) लिखित परीक्षा द्वारा मूल्यांकन

(B) शिक्षण के साथ चलनेवाला मूल्यांकन

(C) प्रश्नोत्तर केंद्रित मूल्यांकन

(D) कार्यकालांत मूल्यांकन

145. व्यावहारिक तौर पर भाषाई सुधार के लिए सबसे उपयुक्त इनमें कौन-सा है?

(A) भाषा परिवारों की जानकारी

(B) भाषाई अनुसंधान

(C) सर्वभाषा व्याकरण

(D) भाषा प्रयोगशाला

146. कभी-कभी छात्र अपनी भाषा संबंधी अशुद्धियों को नहीं जान पाते हैं। इसका मुख्य कारण इनमें से क्या है?

(A) सस्वर वाचन का अभाव

(B) कार्यकालांत मूल्यांकन का अभाव

(C) अधिगम उपलब्धियों का अभाव

(D) संशोधन का अभाव

147. छात्रों की सृजनात्मक योग्यता की जाँच के लिए किस प्रकार के प्रश्न सबसे अधिक उपयुक्त हैं?

(A) निबंधात्मक प्रश्न

(B) बहुविकल्पीय प्रश्न

(C) वस्तुनिष्ठ प्रश्न

(D) रिक्त स्थान की पूर्ति के प्रश्न

148. आज की कक्षाई शैक्षिक प्रक्रियाओं की विशेष खूबी क्या है?

(A) शिक्षण के स्थान पर अधिगम पर विशेष बल

(B) अधिगम के स्थान पर शिक्षण पर विशेष बल

(C) व्यवहारवादी गतिविधियों पर विशेष बल

(D) छात्रों की पदोन्नती पर विशेष बल

149. रचना शिक्षण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) मौखिक तथा लिखित रूप से अभिव्यक्त करने की क्षमता बढ़ाना

(B) मात्र लिखित रूप से अभिव्यक्त करने की क्षमता बढ़ाना

(C) मात्र मौखिक रूप से अभिव्यक्त करने की क्षमता बढ़ाना

(D) द्रुतवाचन करने की क्षमता बढ़ाना

150. शिक्षकों को किसी पाठ से संबंधित सहायक सामग्रियों का चयन कब करना है?

(A) पाठ के समापन के स्तर पर

(B) पाठ के प्रस्तावना के स्तर पर

(C) पाठ के नियोजन के स्तर पर

(D) पाठ के प्रस्तुतीकरण के स्तर पर

- o O o -